15 मार्च 2019 को, मस्ज़िद में हुए हमलों की कॉरोनियल इंक्वायरी (मौत से जुड़ी जांच)

जांच के दायरे पर जज मार्शल के मिनट के लिए सहायता

मिनट से इस बात की पुष्टि होती है कि सभी 51 मौतों की कॉरोनियल इंक्वायरी (मौत से जुड़ी जांच) अब शुरू हो गई है. जांच की शुरुआत, कॉरोनर्स ऐक्ट के तहत उठाया जाने वाला एक औपचारिक कदम है. इसका मतलब है कि मौतों से जुड़ी जांच को आगे बढ़ाया जाएगा. जांच के हिस्से के तौर पर, एक सुनवाई हो सकती है.

रिपोर्ट के तहत ये चीज़ें भी मैनेज की जाती हैं:

- जो कानूनी प्रक्रियाएं हो चुकी हैं उनका बैकग्राउंड, यानी क्रिमिनल प्रॉसिक्यूशन (आपराधिक अभियोजन) और रॉयल कमीशन ऑफ इंक्वायरी
- परिवारों और संगठनों ने कॉरोनियल इंक्वायरी में जिन बातों पर ध्यान देने के लिए कहा है उनकी खास जानकारी
- कॉरोनर्स ऐक्ट और इस केस से मिलते-जुलते मामलों से जुड़ी अन्य प्रासंगिक जानकारी, जो किसी कॉरोनर को यह तय करने में मदद करती है कि कॉरोनियल इंक्वायरी में किन चीज़ों को देखा जा सकता है और उन्हें किन चीज़ों को देखना चाहिए; साथ ही,
- यह देखना कि कॉरोनियल इंक्वायरी प्रारंभिक तौर पर किन मुद्दों पर ध्यान देने वाली है.

कॉरोनर्स ऐक्ट, किसी भी कॉरोनियल इंक्वायरी के उद्देश्यों को निर्धारित करता है. इन उद्देश्यों का मुख्य काम यह तय करना है कि किसी भी कॉरोनियल इंक्वायरी को किन बातों पर ध्यान देना चाहिए. इनके मुख्य उद्देश्य हैं:

- यह पता लगाना है (अगर संभव हो) कि मरने वाले व्यक्ति कौन थे, हर व्यक्ति के मौत की असल वजह क्या थी, और वे किन परिस्थितियों में मरे; साथ ही,
- ऐसी बातें बताना या ऐसे सुझाव देना जिससे आने वाले समय में, उन परिस्थितियों में होने वाली मौत को रोका या कम किया जा सके जिन परिस्थितियों में ये मौतें हुई हैं.

कॉरोनर यह तय कर सकते हैं कि किन मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए. ज़रूरी नहीं है कि मौत से जुड़ा हर मामला कॉरोनर के काम का हो; ऐसे में एक बुनियादी फ़र्क होना ज़रूरी है. कुछ मामलों में, मौत की कोई खास वजह नहीं बताई गई होगी. कॉरोनर को यह तय करना होगा कि कॉरोनियल इंक्वायरी के दायरे में रहकर कौनसे काम करने ज़रूरी हैं, इंक्वायरी के लिए क्या करना सही होगा, और उनसे क्या अपेक्षाएं की जा रही हैं.

ऐसे कई मुद्दे सुझाए गए हैं जिन पर कॉरोनियल इंक्वायरी को ध्यान देना है. इन मुद्दों का उन परिस्थितियों से गहरा संबंध है जिनमें मौतें हुई हैं.

ध्यान देने के लिए सुझाए गए कुछ मुद्दों पर, कॉरोनियल इंक्वायरी काम नहीं कर पा रही है, क्योंकि ये मुद्दे कॉरोनर के कानूनी अधिकार क्षेत्र के बाहर हैं. इसमें वे मुद्दे शामिल हैं जो मौतों के बाद वाले मामलों से संबंधित हैं.

कुछ अन्य खास मुद्दे हैं जिन पर कार्रवाई की जा सकती है. इसके लिए वे तरीके कारगर होंगें जिनके ज़रिए उन मुद्दों के बारे में अनुरोध करने वाले व्यक्ति को जानकारी दी जाएगी. यह ऐसी जानकारी हो सकती है जो पहले ही दी जा चुकी हो. इसके अलावा, यह कोई ऐसी जानकारी भी हो सकती है जिसे कॉरोनर ने किसी मुद्दे की छानबीन करने के दौरान हासिल की हो. इन खास मुद्दों के जवाब में दी जाने वाली जानकारी को इकट्ठा करने और उनका प्रसारण करने का काम चल रहा है. अगर इन मुद्दों का हल इस तरीके से नहीं निकलता है, तो इस बात पर ध्यान दिया जाएगा कि उन खास मुद्दों पर और इंक्वायरी की ज़रूरत है या नहीं.

कॉरोनियल इंक्वायरी में कुछ और मुद्दों को शामिल करने की बात कही गई है. ये वे मुद्दे हैं जिन पर रॉयल कमीशन ऑफ़ इंक्वायरी पहले से काम कर रही है. कुछ परिवारों और संगठनों ने इस बात को लेकर चिंता जताई है कि जांच को बड़े पैमाने पर निजी रखा गया था. इस वजह से, यह भी सोचना होगा कि रॉयल कमीशन ऑफ़ इंक्वायरी के नतीजों पर भरोसा किया जाए या नहीं. इसलिए, यह सुझाव दिया गया है कि ऐसे कई मुद्दों पर कॉरोनर की देख-रेख में दोबारा जांच कराई जानी चाहिए.

कुछ सबूतों की संवेदनशीलता को देखते हुए, साफ़ तौर पर नहीं कहा जा सकता कि व्यावहारिक तौर पर, रॉयल कमीशन ऑफ़ इंक्वायरी की तुलना में कॉरोनियल इंक्वायरी की जांच किस तरह से ज़्यादा पारदर्शी हो सकती है. जांच के ऐसे दोहराव से बचना भी ज़रूरी है जो किसी काम के न हों. कॉरोनर यह फ़ैसला कर सकता है कि वह मौत की परिस्थितियों से जुड़े उन पहलुओं को नहीं देखेगा जिनकी पूरी जांच किसी अन्य इंक्वायरी ने कर ली हो. ऐसे में एक ज़रूरी सवाल यह उठता है कि क्या मौत की परिस्थितियों से जुड़े ऐसे पहलू मौजूद हैं जिनकी जांच रॉयल कमीशन ऑफ़ इंक्वायरी (या क्रिमिनल प्रॉसिक्यूशन) ने पूरी तरह से कर ली है. इस हालात में, यह सुझाया जाता है कि जिन मामलों की जांच रॉयल कमीशन ऑफ़ इंक्वायरी ने कर ली है उनकी दोबारा जांच कॉरोनियल इंक्वायरी से न कराई जाए.

मरने वाले व्यक्तियों को बचाने के लिए की गई पहली कोशिशों से जुड़े मुद्दे और उन कोशिशों की वजह से उनके बचने की उम्मीदों पर क्या असर हुआ होगा, ये कुछ ऐसे मामले हैं जिनका ध्यान रॉयल कमीशन ऑफ़ इंक्वायरी ने नहीं रखा. कॉरोनियल इंक्वायरी में इन बातों पर ध्यान देने का सुझाव दिया गया है.

यह भी ध्यान देने वाली बात है कि अभी तक इस बारे में कोई भी आखिरी फ़ैसला नहीं नहीं लिया गया है कि कॉरोनियल इंक्वायरी आखिरकार किन मुद्दों पर ध्यान देगी. रिपोर्ट यह तय करता है कि शुरुआत कहां से

की जाए. कॉरोनियल इंक्वायरी को किन बातों पर ध्यान देना चाहिए, इस बारे में बताने के लिए परिवारों और संगठनों को आने वाले समय में भी अवसर दिए जाएंगे. ये बातें अपने वकील की मदद से बताई जा सकती हैं. ध्यान देने वाली बातों का अनुरोध लिखित तौर पर करना होगा और अनुरोध करने वाले व्यक्ति को क्राइस्टचर्च में व्यक्तिगत तौर पर मौजूद रहना होगा. अदालत की सुनवाई कॉरोनर विंडले की मौजूदगी में होगी. यह किसी तहकीकात से संबंधित सुनवाई नहीं है. यह सुनवाई सिर्फ़ इसलिए है कि लोग जांच से जुड़े मुद्दों के बारे में अनुरोध कर सकें. इसके बाद, कॉरोनर विंडले इस बात को लेकर आखिरी फ़ैसला लेंगे कि ऐसे कौनसे मुद्दे हैं जिनकी जांच कॉरोनियल इंक्वायरी करेगी.

नोट करने लायक कुछ अहम तारीखें:

- इंक्वायरी के लिए, किसी भी मुद्दे से जुड़े लिखित अनुरोध **26 नवंबर, 2021** के बाद स्वीकार नहीं किए जाएंगे. अनुरोधों को coronial.response@justice.govt.nz पर भेजा जा सकता है.
- जांच से जुड़े मुद्दों पर, अदालत की सुनवाई **14-15 दिसंबर, 2021** को क्राइस्टचर्च में होगी.
- किसी मुद्दे के बारे में अनुरोध करने वाला कोई पक्ष (या उनके वकील, अगर उनके पास कोई वकील है), सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत तौर पर कोई अनुरोध करना चाहता है, तो उन्हें इस बात की सूचना **26 नवंबर, 2021** से पहले देनी होगी, ताकि इसके हिसाब से व्यवस्था बनाई जा सके. इस बात की सलाह, नीचे दिए गए पते पर ईमेल करके दी जा सकती है coronial.response@justice.govt.nz